# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय, चारामा
# जिला–उ. ब. कांकेर (छ.ग.)

**AISHE Code : C-24958** **College Code : 2105**

Website : www.govtcollegecharama.in Email : gccharama1989@gmail.com

पत्र क्र. 244 /स्था/2025 चारामा, दिनांक : 23 /07/2025

## –: सूचना :–
## (मुक्त प्रवेश)

कक्षा बीए–प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के इच्छुक समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित विषय समूह, ग्रुप, जाति और महिला और अन्य संवर्ग में रिक्त सीटों के विरूद्ध आरक्षण नियमों का पालन करते हुए शासन द्वारा निर्धारित अहर्ता पूर्ण करने की स्थिति में दिनाँक : 28 जुलाई, 2025 से 31 जुलाई, 2025 तक (समय प्रातः 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक) मुक्त प्रवेश दिया जायेगा।

टीप :– रिक्त सीटों से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहने पर गुणानुक्रम/मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा और गुणानुक्रम/मेरिट सूची तत्काल प्रातः 11.00 बजे तैयार की जायेगी। अतः निर्धारित तिथियों पर निर्धारित समय के पूर्व विद्यार्थी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### आवश्यक दस्तावेजों की स्वयं–सत्यापित छायाप्रति

(1) ऑनलाईन प्रवेश आवेदन की हार्ड कॉपी।
(2) 10वीं कक्षा की अंकसूची की स्वयं सत्यापित छायाप्रति।
(3) 12वीं कक्षा की अंकसूची की स्वयं सत्यापित छायाप्रति।
(4) मूल निवास प्रमाण पत्र की स्वयं सत्यापित छायाप्रति।
(5) जाति प्रमाण पत्र की स्वयं सत्यापित छायाप्रति।
(6) आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित छायाप्रति।
(7) 02 पासपोर्ट साईज नवीनतम फोटोग्राफ्स।
(8) यदि **NCC/NSS/Scouts/Sports** आदि का अधिभार हो तो उसकी स्वयं सत्यापित छायाप्रति।
(10) एबीसी/अपार आईडी कार्ड की स्वयं सत्यापित छायाप्रति।
(11) मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्वयं सत्यापित छायाप्रति (यदि लागू हो तो)।

Govt.Shaheed Gendsingh College-Charama,Distt.-U.B.Kanker(C.G.)

### आवश्यक मूल (ओरिजनल) दस्तावेज

(1) मूल (ओरिजनल) स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी)।

(2) मूल (ओरिजनल) चरित्र प्रमाण पत्र ।

(3) ऑनलाईन एंटी–रैगिंग शपथ पत्र की मूल प्रति (ओरिजनल) जिसमें विद्यार्थी और अभिभावक का हस्ताक्षर हो।

(4) यदि गैप हो तो नोटरी द्वारा जारी मूल (ओरिजनल) गैप शपथ पत्र ( गैप एफिडेविट)।

(5) माईग्रेसन प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।

नोट :

(1) प्रवेश के समय उपर्युक्त वाँछित दस्तावेज ''प्रवेश आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी'' के साथ संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा प्रवेश नहीं दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी।

(2) निर्धारित प्रवेश शुल्क जमा करने के पश्चात् ही विद्यार्थी का महाविद्यालय में प्रवेश माना जायेगा।

(3) जाली प्रमाण पत्रों, गलत जानकारी, जानबूझ कर छिपाये गये प्रतिकूल तथ्यों, प्रशासकीय अथवा कार्यालयीन असावधानीवश यदि किसी आवेदक को प्रवेश मिल गया है, तब ऐसे प्रवेश को निरस्त करने का पूर्ण दायित्व प्राचार्य का होगा।

(4) प्रवेश निरस्त होने अथवा निष्कासन किये जाने की स्थिति में विद्यार्थी को संरक्षित निधि के अतिरिक्त अन्य कोई शुल्क वापिस नहीं किया जायेगा।

(प्रवेश प्रभारी)

रवीन्द्र सिंह चंद्रवंशी
(सहायक प्राध्यापक,अर्थशास्त्र)
शास शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय, चारामा

डॉ. के. के. मरकाम
(प्राचार्य)
शास शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय, चारामा

Principal
Govt. Shaheed Gendsingh College Charama
Distt. Uttar Bastar Kanker (C.G)